दिन–बुधवार दिनांक– 11 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. पटना उच्च न्यायालय ने सत्ताईस अक्टूबर दो हजार तेरह को पटना के गांधी मैदान में नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली में हुये सिलसिलेवार बम धमाके के मामले में चार आतंकियों की फांसी की सजा को उम्र कैद में बदला।

02. राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों के दौरान सोलह लाख सैंतीस हजार से अधिक फर्जी और डुप्लीकेट राशन कार्ड को रद्द किया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– इस दशक के अंत तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को पांच सौ बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य है। साठ लाख लोगों को मिलेगा रोजगार।

04. और, राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड विधानसभा चुनाव, इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया।

————————————————————————

पटना उच्च न्यायालय ने सत्ताईस अक्टूबर दो हजार तेरह को नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली में हुये सिलसिलेवार बम धमाके के मामले में चार आतंकियों की फांसी की सजा को उम्र कैद में बदल दिया है। न्यायालय ने दो दोषियों की उम्र कैद की सजा को बरकरार रखा है। पटना व्यवहार न्यायालय ने इस मामले में चार दोषियों को फांसी और दो को उम्र कैद की सजा सुनाई थी। दोषियों ने निचली अदालत के फैसले को पटना उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। दोषियों के अधिवक्ता इमरान गनी ने बताया कि न्यायमूर्ति आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के बाद नुमान अंसारी, मोहम्मद मुजीबुल्लाह, हैदर अली और इम्तियाज आलम की फांसी की सजा पर रोक लगाते हुये उम्र कैद में बदल दिया। जबकि उमैर सिद्दीकी और अजहरउद्दीन कुरैशी की आजीवन कारावास की सजा को बरकरार रखा है।

———बाईट———

गौरतलब है कि नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली के दौरान पटना जंक्शन से गांधी मैदान तक सिलसिलेवार सात बम धमाके हुये थे। इसमें छह लोगों की मौत हो गयी थी जबकि पचासी से अधिक लोग घायल हो गये थे।

————————————————————————

प्रदेश में पिछले चार वर्षों के दौरान सोलह लाख सैंतीस हजार फर्जी और डुप्लीकेट राशन कार्ड रद्द किये गये हैं। वहीं, चालीस लाख लाभार्थियों के नाम राशन कार्ड से हटाये गये हैं। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव एन सरवन कुमार

ने आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड के आधार सत्यापन और ई–केवाईसी के बाद यह कार्रवाई की गयी है। श्री कुमार ने कहा कि राज्य में आठ करोड़ पैंतीस लाख से अधिक उपभोक्ताओं के पास राशन कार्ड हैं। पचपन लाख नये लोगों के नाम राशन कार्ड में जोड़े गये हैं। श्री कुमार ने बताया कि इकसठ प्रतिशत उपभोक्ताओं का ई–केवाईसी किया गया है और उनका बायोमीट्रिक सत्यापन हुआ है।

———बाईट———

———————————————————————————

खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग की मंत्री लेसी सिंह ने कहा कि खरीफ मौसम के लिए इस वर्ष नवंबर में धान की खरीदारी शुरू होगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने बताया कि वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस में तीस दशमलव आठ लाख मीट्रिक धान की खरीद की गयी। श्रीमती सिंह ने बताया कि इसमें मिल और पैक्स के माध्यम से अंठानवे प्रतिशत तैयार चावल प्राप्त हो गये हैं।

———बाईट———

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह सिलिकॉन कूटनीति का युग है और भारत सेमीकंडक्टर पावर हाउस बनने के लिए हर कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार देश में चिप उत्पादन की संख्या बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रही है ताकि हर डिवाइस को भारत में निर्मित चिप से लैस किया जा सके। प्रधानमंत्री आज ग्रेटर नोएडा में सेमीकॉन इंडिया दो हजार चौबीस के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने इस दशक के अंत तक देश के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को पांच सौ बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि इससे साठ लाख नौकरियां पैदा होंगी।

———बाईट———

भारत चिप का एक बहुत बड़ा कंज्यूमर है। इसी चिप पर हमने दुनिया का सबसे बेहतरीन डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर बिल्ट किया है। भारत का यूपीआई हो, रुपे कार्ड हो, भारत के लोगों की रोजमर्रा की जिदंगी का हिस्सा बन गए हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान देश में इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए की गई विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डाला।

———बाईट———

भारत में सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी लगाने के लिए 50 प्रतिशत सपोर्ट भारत सरकार दे रही है। भारत की नीतियों के कारण ही बहुत कम समय में 1.5 ट्रिलियन रुपीस से ज्यादा के इन्वेस्टमेंट इस क्षेत्र में भारत में हो चुके हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने डिजिटल इंडिया पहल की सफलता पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि पहले देश मोबाइल फोन का आयात करता था, लेकिन अब यह मोबाइल फोन का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और निर्यातक बन चुका है।

———बाईट———

डिजिटल इंडिया की सफलता के लिए हमें अफॉर्डेबल मोबाइल हैंडसेट और डाटा की जरूरत थी इसके लिए हमने जरूरी रिफॉर्म्स और जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाया। एक दशक पहले हम मोबाइल फोन के बड़े इंपॉर्टर्ट्स में से एक थे। आज हम दुनिया के नम्बर 2 प्रोड्युसर और एक्सपोर्टर हैं।

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सरकार ने डिजिटल इंडिया और दूरसंचार मिशन के माध्यम से नागरिकों के हाथों में प्रौद्योगिकी पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि देश में सेमीकंडक्टर उद्योग का विकास इस दृष्टिकोण को और मजबूत करेगा।

———————————————————————————

राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड विधानसभा चुनाव, इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया है। झारखंड के पार्टी प्रभारी जय प्रकाश नारायण यादव की अध्यक्षता में रांची में पार्टी नेताओं की हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक के बाद श्री यादव ने कहा कि चूंकि उनकी पार्टी गठबंधन की एक प्रमुख सहयोगी है, इसलिए पार्टी राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर समझौता करना चाहती है। श्री यादव ने कहा कि सीटों के बंटवारे का फार्मूला जल्द ही तय किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजद ने सीटों और उम्मीदवारों की सूची तैयार कर ली है, जिसे पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद के पास भेजा जाएगा।

———————————————————————————

राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कहा है कि बिहार में उनकी पार्टी की सरकार बनने के बाद बिजली उपभोक्ताओं को दो सौ यूनिट बिजली निःशुल्क दी जायेगी। आज समस्तीपुर में पत्रकारों से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि देशभर में बिहार में सबसे मंहगी बिजली मिलती है।

———बाईट———

———————————————————————————

ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने कहा है कि मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क उन्नयन योजना के तहत अगले वर्ष तक तेईस हजार किलोमीटर नई सड़कों का निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री चौधरी ने कहा कि योजना के तहत छह हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण शुरू हो चुका है।

———बाईट———

————————————————————————————————

मॉनसून के कमजोर पड़ने के कारण राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान बेगूसराय के खोदावंदपुर में सबसे अधिक छब्बीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि तेरह और चौदह सितम्बर को राज्य के अधिकतर हिस्सों में बारिश की परिस्थितियां बनेंगी।

———बाईट———

————————————————————————————————

प्रदेश में डेंगू के नए मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान बयासी नये मामलों की पुष्टि हुई है। पटना में सबसे अधिक इकतीस नये मामले मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस वर्ष अब तक डेंगू के एक हजार दो सौ अट्ठाईस मामले सामने आ चुके हैं।

————————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने कौशल भारत कुशल भारत योजना के नाम पर चल रही धोखाधड़ी के प्रति लोगों को आगाह किया है। पत्र सूचना कार्यालय, पीआईबी की फैक्ट चेक इकाई ने कहा है कि एक फर्जी वेबसाईट कौशल भारत कुशल भारत योजना के नाम पर नौकरी देने का वादा कर रही है। पीआईबी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ऐसी कोई योजना संचालित नहीं कर रही है।

————————————————————————————————

बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना और जिला प्रशासन दरभंगा के संयुक्त तत्वावधान में आज से राज्यस्तरीय बालिका कबड्डी अन्डर नाईनटीन प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। आज खेले गये मैच में मधुबनी, सीवान, भागलपुर, सीतामढ़ी, वैशाली, बक्सर, पश्चिम चम्पारण, पटना और सारण की टीमों ने जीत हासिल की।

————————————————————————————————

पश्चिम चम्पारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र से एसएसबी के जवानों ने दस हजार रूपये मूल्य के जाली नोट के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————————————

बेगूसराय जिले की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी को आजीवन कारावास और पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार...........

01. पटना उच्च न्यायालय ने सत्ताईस अक्टूबर दो हजार तेरह को पटना के गांधी मैदान में नरेन्द्र मोदी की हुंकार रैली में हुये सिलसिलेवार बम धमाके के मामले में चार आतंकियों की फांसी की सजा को उम्र कैद में बदला।

02. राज्य सरकार ने पिछले चार वर्षों के दौरान सोलह लाख सैंतीस हजार से अधिक फर्जी और डुप्लीकेट राशन कार्ड को रद्द किया।

03. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा– इस दशक के अंत तक भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को पांच सौ बिलियन डॉलर का उद्योग बनाने का लक्ष्य है। साठ लाख लोगों को मिलेगा रोजगार।

04. और, राष्ट्रीय जनता दल ने झारखंड विधानसभा चुनाव, इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर लड़ने का फैसला किया।

———————————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।